**बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–का0परि0(विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)–63 / 2023 (खण्ड–I)**
**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**
**पो0–भेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–55/आ0 पटना, दिनांक–02.01.2026

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित वि0सं0–02/2022 अंतर्गत कार्यालय परिचारी पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक–11.05.2025 को आयोजित किये जाने के उपरान्त नियमानुसार विभिन्न कोटियों के कुल–1190 अभ्यर्थियों को मेधानुसार मुख्य परीक्षा हेतु योग्य पाया गया। मुख्य परीक्षा हेतु योग्य पाये गये 1190 अभ्यर्थियो की सूची आवश्यक सूचना ज्ञापांक–4910/आ0, दिनांक–04.12.2025 द्वारा आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित की गयी है।

**योग्य पाये गये अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा हेतु दिनांक–06.01.2026 से 20.01.2026 तक ऑनलाइन आवेदन आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक एवं जन्म तिथि डालकर Login कर सकते है।**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वांछित प्रमाण–पत्रों यथा–शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र/दिव्यांगता प्रमाण–पत्र/सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण–पत्र /क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/EWS प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/ नतीनी संबंधित प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

आवेदन में प्रविष्ट Basic Details यथा नाम, पिता का नाम, माता का नाम, फोटो, लिंग, आरक्षण कोटि, जन्मतिथि, स्थायी पता, दिव्यांगता की स्थिति आदि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

ताँती/ततवा जाति के वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में अनुसूचित जाति (SC) कोटि में आवेदन समर्पित किये है, वे मुख्य परीक्षा के आवेदन में अपना कोटि सुधार कर अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) करना सुनिश्चित करेंगे तथा तत्संबंधी क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र Upload करना सुनिश्चित करेंगे।

ताँती/ततवा जाति के वैसे अभ्यर्थी जो मुख्य परीक्षा के आवेदन में अपनी आरक्षण कोटि संशोधित नहीं करेंगे, उन्हें अनारक्षित कोटि में मान्य किया जाएगा एवं तद्नुसार उनका प्रारंभिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रभावित/रद्द हो सकता है।

मुख्य परीक्षा दिनांक–08.02.2026 को पटना में आयोजित की जायेगी। मुख्य परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम अनुलग्नक 'क' के रूप में संलग्न है। मुख्य परीक्षा 100 अंकों की होगी तथा परीक्षा अवधि 02 घंटा होगी। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

अनुलग्नक 'क'

# कार्यालय परिचारी की मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

**1. सामान्य अंक गणित — 30 अंक**

लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), महत्तम समापवर्तक (HCF), वास्तविक संख्या, परिमेय संख्या, अपरिमेय संख्या, पूर्णांक संख्या, वर्गमूल, घनमूल, प्रतिशतता, लाभ–हानि, बट्टा, बिक्रीकर, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, समय एवं दूरी, समानुपात एवं प्रतिलोम समानुपात

**2. सामान्य ज्ञान — 40 अंक**

- संसाधन एवं उसके प्रकार, वन एवं वन्य जीव संसाधन, जल संसाधन, कृषि एवं फसलें, खनिज एवं उर्जा संसाधन, विनिर्माण उद्योग, राष्ट्रीय अर्थ–व्यवस्था, मानचित्र अध्ययन
- संघवाद, भारत की संघीय व्यवस्था, केन्द्र–राज्य संबंध, भारत की भाषा, लोकतंत्र एवं विविधता, भारत की समाजिक और धार्मिक विविधता, राजनीतिक दल
- मुद्रा और साख, वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापार और भूमंडलीकरण, अर्थव्यवस्था और आजीविका।
- भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, स्वतंत्रता आंदोलन, पंचायती राज, राष्ट्रीय आंदोलन में बिहार का योगदान, भारत में राष्ट्रवाद; समाजवाद एवं साम्यवाद,
- प्रकाश–परावर्तन तथा अपवर्तन, मानव नेत्र तथा रंगबिरंगा संसार, विद्युत, विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव, उर्जा के स्त्रोत, रसायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण, अम्ल, क्षारक एवं लवण, धातु एवं अधातु, कार्बन एवं उसके यौगिक, तत्वों का आवर्त्त, जैव प्रक्रम, जीव का प्रजनन, आनुवंशिकता एवं जैव विकास, हमारा पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन।
- समसामयिक घटनाऐं

**3. 3. सामान्य हिन्दी — 30 अंक**

- संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, विशेषण, प्रविशेषण, पर्यायवाची शब्द, कारक, मुहावरा, काल, संधि, विलोम शब्द, समास, लोकोक्ति, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द–शुद्धि, वाक्य शुद्धि, तत्सम तदभव शब्द, उपसर्ग, मुहावरा, प्रत्यय, उपसर्ग
- 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक के गद्य खंड एवं काव्य खंड के अंश, रचनाकार पर आधारित प्रश्न।

**नोटः– उपरोक्त पाठ्यक्रम शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत कक्षा–10 पाठ्यक्रम के आधार पर तैयार किया गया है।**